# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**ANNUAL EXAMINATION- ( 2025 -26)**
**HINDI**

Class: V | Duration : 3.00 Hrs
Date : 21.03.2025 | Max. Marks: 80
Admission No.: | Roll No.:

---

नोट :

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

---

## खंड क(अपठित बोध)

**प्रश्न.1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

एक बार स्वामी विवेकानंद जापान में रेल से यात्रा कर रहे थे। सफ़र करते समय उन्हें फल खाने की इच्छा हुई। उन्होंने कई स्टेशनों पर फल खोजे, पर नहीं मिले। उन्होंने परेशान होकर कहा-"यह जापान कैसा देश है. यहाँ खाने को फल भी नहीं मिलते।" उनके पास ही एक जापानी युवक बैठा था। उसने यह बात सुनी, तो उसे बहुत बुरा लगा। वह अगले ही स्टेशन पर उतर गया। जब वह वापस लौटा तो उसके हाथ में फलों की एक टोकरी थी। उसने वह टोकरी स्वामी जी को दे दी। स्वामी जी मुसकराकर उस युवक को धन्यवाद दिया। उन्होंने उस युवक से पूछा "इन फलों का क्या दाम है?" युवक ने कहा- "बस आप भारत लौटकर यह न कहें कि जापान में फल नहीं मिलते।"

(i) रेल से कौन यात्रा कर रहे थे? **[1]**

(a) गुरुनानक (b) स्वामी विवेकानद (c) प्रेमचंद (d) ध्यानचंद

(ii) स्वामी जी किस देश में गए हुए थे? **[1]**

(a) नेपाल (b) श्रीलंका (c) जापान (d) बर्मा

(iii) स्वामी जी स्टेशन पर क्या खोज रहे थे? **[1]**

(a) पुस्तक (b) फल (c) साबुन (d) कलम

(iv) अपने देश की बुराई सुनकर जापानी युवक ने क्या किया? **[2]**

(v) गद्यांश से दो व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखिए| **[2]**

**प्रश्न 2** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चोरों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा जोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ. तुम लोगों ने रात भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"

(i) तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे? **[1]**

(a) चोर (b) माली (c) पत्नी (d) चौकीदार

(ii) तेनालीराम ने संदूक में क्या भरा? **[1]**

(a) रूपए-पैसे (b) ईंट -पत्थर (c) बच्चों के कपड़े (d) खाने का सामान

(iii) तेनालीराम ने संदूक को कहाँ डाल दिया? **[1]**

(a) कुएँ में (b) नदी में (c) तालाब में (d) नहर में

(iv) संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया? **[2]**

(v) तेनालीराम ने किसे धन्यवाद दिया ? **[2]**

खंड ख **(**व्यावहारिक व्याकरण**)**

प्रश्न **3** दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए **:-** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i)आकाश (ii) पेड़ (iii) माता

प्रश्न **4** दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए**:-** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) मित्र (ii) प्रकाश (iii) ईमानदार

प्रश्न **5** दिए गए शब्दों लिंग बदलिए **:-** **(**कोई दो**)** **[1]**

(i) बेटा (ii) मोर (iii) कवि

प्रश्न 6 दिए गए शब्दों के वचन बदलिए **:-** **(**कोई दो**)** **[1]**

(i) कमरा (ii) पत्ता (iii) एक

प्रश्न **7** दिए गए वाक्यों को पढ़कर काल का नाम बताइए **:-** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) पिता जी मैसूर जाएँगे |

(ii) रजत दौड़ रहा है |

(iii) मुंबई जाने वाली बस जा चुकी है |

प्रश्न 8 संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए **:-** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) कुत्ता भौंक रहा है |

(ii) लड़की पत्र लिखती है |

(iii) शेरों ने शिकार किया |

प्रश्न 9 सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए | **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) यह मेरी किताब है |

(ii) दरवाज़ा कौन खटखटा रहा है?

(iii) उन्होंने उपहार दिया था |

प्रश्न 10 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए **:-** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) जो कपड़े धोता हो |

(ii) जो पढ़ा -लिखा न हो |

(iii) चित्र बनाने वाला |

प्रश्न 11 मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए **: -** **(**कोई दो**)** **[1×2=2]**

(i) आँख लगना

(ii) आँखों का तारा

(iii) नौ दो ग्यारह होना

खंड ग **(**पाठ्यपुस्तक**)**

प्रश्न **12** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए - **[5]**

भारत के लोग उत्सवप्रिय होते हैं | हमारे भारतवर्ष में साल भर त्योहारों की धूम मची रहती है | ये त्योहार हमारे जीवन में खुशियों के साथ नए रंग भर देते हैं।

भारत के दक्षिण में सुंदर केरल प्रदेश स्थित है। यहाँ के लोग सदा जीवन बिताते हैं | इनकी मातृभाषा मलयालम है तथा इनका प्रमुख त्योहार ओणम है | यह अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितंबर के शुरू में मनाया जाता है। इस त्योहार के साथ महाबलि की पौराणिक कथा जुड़ी है। महाबलि केरल प्रदेश के राजा थे। वे बहुत दयालु तथा दानी थे। उनके राज्य की प्रजा बहुत खुश थी। चारों ओर खुशहाली ही खुशहाली थी। महाबलि का राज्य बढ़ता देखकर देवराज इंद्र को अपने सिंहासन की चिंता हुई। चिंतित देवराज इंद्र भगवान विष्णु के पास गए |

(i) कहाँ के लोग उत्सव प्रिय होते हैं**?**

(a) अमेरिका (b) जापान (c)भारत (d) सिंगापुर

(ii) केरल प्रदेश भारत के किस भाग में स्थित है**?**

(a) पूर्व (b) दक्षिण (c) पश्चिम (d) उत्तर

(iii) केरल के लोग कौन -सा त्योहार मनाते हैं**?**

(a) होली (b) बीहू (c) बैसाखी (d) ओणम

(iv) महाबलि कहाँ के राजा थे**?**

(a) पंजाब (b) केरल (c) गुजरात (d) बिहार

(v) देवराज इंद्र किससे मदद माँगने गए**?**

(a) शिव (b)ब्रह्मा (c) विष्णु (d) हनुमान

प्रश्न **13** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[5]**

नानी वाली कथा -कहानी , अब जग में हुई पुरानी |
बेटी -युग के नए दौर की , आओ लिख ले नई कहानी |
बेटी -युग में बेटा -बेटी , सभी पढ़ेंगे , सभी बढ़ेंगे |
फ़ौलादी ले नेक इरादे , खुद अपना इतिहास गढ़ेंगे |
देश पढ़ेगा , देश बढ़ेगा , दौड़ेगी अब तरुण जवानी |
नानी वाली कथा -कहानी , अब जग में हुई पुरानी |

(i) कौन-सी कथा -कहानी पुरानी हो गई है**?**

(a) मामा (b) मामी (c) दादी (d) नानी

(ii) कविता में किसे समान बताया गया है**?**

(a) बेटा -बेटी (b) माता -पिता (c)दादा -दादी (d) चाचा -चाची

(iii) यह युग किसका युग है**?**

(a) बेटा (b) बेटी (c) भाई (d) मामा

(iv) कवि सबको क्या करने के लिए कह रहा है**?**

(a) दौड़ने (b) पढ़ने (c) सिलने (d) कमाने

(v) इस कविता में जग का क्या अर्थ है**?**

(a) हार (b) जीत (c) संसार (d) आसमान

प्रश्न **14** निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए **:-** **[14]**

(i) सारे जग ने किसकी ताकत को पहचाना है?अब सब हाथों में क्या होगी ?

(ii) मिशा की फ़्रॉक कैसे गंदी हो गईं थी?

(iii) अर्जुन ने किससे मुकाबला किया और किसे बचाया?

(iv) विष्णु जी ने तीन कदमों में क्या -क्या नाप लिया?

(v) नीम का पेड़ हमारे किस काम आता है?

(vi) हमें कैसी वाणी बोलनी चाहिए और क्यों?

(vii) विष्णु जी ने महाबलि से क्या माँगा?

प्रश्न **15** निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नो के उत्तर दीजिए **(any two):-** **[6]**

(i) हमें पेड़ों की देखभाल क्यों करनी चाहिए? पेड़ों के दो फायदे बताइए|

(ii) गुरु और भगवान में से कबीरदास ने किसे बड़ा कहा है और क्यों?

(iii) बालक चंद्रगुप्त ने राजमहल ऐसा क्या किया जिसे देखकर सब चकित रह गए?

खंड घ **(**लेखन- कौशल**)**

प्रश्न **16** चित्र को देखकर सौ शब्दों में अपने विचार लिखिए **:-** **[5]**



प्रश्न **17** निम्नलिखित विषयों किसी एक पर **50 -60** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए **:-** **[5]**

(i) प्रातःकाल की सैर

(ii) मेरा मनपसंद फल /पेड़

प्रश्न **18** निम्नलिखित विषयों पर किसी एक पर **50** शब्दों में संवाद लिखिए **:-** **[5]**

(i) गृहकार्य करने के बारे में पिता - पुत्र का संवाद

(ii) मोबाइल फोन के बारे में माँ और बेटे के बीच संवाद

प्रश्न **19** निम्नलिखित विषयों पर किसी एक पर पत्र लिखिए **:-** **[5]**

(i) आपके मित्र ने जन्मदिन पर आपको उपहार भेजा है| उसे धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए|

अथवा

(ii) किसी कारणवश आप गृहकार्य नहीं कर पाए| क्षमा माँगते हुए अपने अध्यापक को पत्र लिखिए|

================================== समाप्त ==================================